# बिगड़ी मेरी बना दे | By Mukesh Bagda

बिगड़ी मेरी बना दे ,दुखड़े मेरे मिटा दे
सुनले ये विनती मेरी, प्रभु लाज रखना मेरी

तेरे नाम लिखा ये जीवन हमने तो प्रभु सारा
कुछ भी नहीं है मेरा अपना जो कुछ है वो तुम्हारा
सेवा करूँ मैं तेरी, पूजा करूँ मैं तेरी
सुनले ये विनती मेरी, प्रभु लाज रखना मेरी

रो रो के तेरी याद में मोहन जीवन मैंने बिताया
तब जाकर कहीं मैंने सांवरिया मुश्किल से तुझे पाया
छूटे ना साथ अपना, पूरा हो मेरा सपना
सुनले ये विनती मेरी, प्रभु लाज रखना मेरी

इस जीवन के भव सागर से पार लगा मेरी नैया
कैसे सम्भालूंगा तूफ़ान को बन जा तू मेरा खिवैया
अपना बना ले कान्हा, दिल में बसा ले कान्हा
सुनले ये विनती मेरी, प्रभु लाज रखना मेरी

खाली हाथ ना जाऊंगा मैं, सुनले ओ श्याम बिहारी
डाल दे मेरी झोली मैं भी भीख दया की स्वामी
चरणों में तेरे बीते जीवन अमन का सारा
सुनले ये विनती मेरी, प्रभु लाज रखना मेरी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%97%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%87-by-mukesh-bagda-2/